**गिरफ्तारी** | वन क्षेत्र मानपुर के बंसटिकुरी टोला क्षेत्र का मामला, वन विभाग की टीम ने की त्वरित कार्यवाही

# जंगली सूअर का शिकार, 6 आरोपी गिरफ्तार



**चिल्हारी नवभारत 7 अगस्त।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन परिक्षेत्र मानपुर (बफर) के बंसटिकुरी टोला क्षेत्र में वन्यजीव शिकार का एक बड़ा मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंसटिकुरी टोला के खेत में एक जंगली सूअर का शिकार किया गया है।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि एक जंगली सूअर को तेजधार हथियार से मार दिया गया था। वन अधिकारियों ने तत्काल रूप से इस घटना को गंभीरता से लेते हुए गश्ती दल को सक्रिय कर दिया और घटना की जांच शुरू की गई। जांच के क्रम में ग्राम टिकोरीटोला के छह व्यक्तियों को इस मामले में आरोपी पाया गया। पकड़े गए आरोपियों में भोलू कोल, समकुल कोल, श्यामलाल कोल, सिंगलाल कोल, मंगलबीलाल कोल एवं सुनील कोल निवासी ग्राम टिकोरीटोला शामिल हैं।

### आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

इन सभी आरोपियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उन्होंने उक्त जंगली सूअर का शिकार किया और अपने-अपने हिस्से में मांस को विभाजित कर लिया। यह कृत्य वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के अंतर्गत संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। आरोपियों पर वन अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग द्वारा की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के तहत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके स्वास्थ्य परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### वन विभाग ने बढ़ाई गश्त

इस घटना के बाद स्थानीय वन विभाग ने आसपास के क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करें और यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें। इस प्रकार की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वन्यजीवों के शिकार की प्रवृत्ति अब भी कुछ इलाकों में बनी हुई है, जिसे नियंत्रित करने के लिए विभाग को सतर्कता और जनसहयोग दोनों की आवश्यकता है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बाघ के हमले में युवक घायल



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले में युवक घायल हो गया। युवक के हाथ में चोट आई है। जानकारी के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंचकर बाघ की निगरानी में जुट गई है। 10 से अधिक अधिकारी कर्मचारी गश्त में जुटे हुए हैं। दो हाथियों को भी सर्चिंग के लिए लगाया गया है। गुरुवार को मुनिराज सिंह निवासी बांसा नित्य क्रिया के लिए तालाब के पास गया हुआ था तभी तालाब के पास झाडियो मे बैठे बाघ ने हमला कर दिया। घायल का इलाज मानपुर अस्पताल में डाक्टरों कि टीम जुटी हुई है।



## एसडीएम ने की घायल युवकों की मदद

**नवभारत उमरिया 7 अगस्त।** पाली अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र भ्रमण से लौटते समय सड़क दुर्घटनाओं में घायल युवकों की मदद कर समाज के लिए एक मिसाल पेश की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पाली एसडीएम सिंह का काफिला जब अमिलिहा फॉरेस्ट चौकी और कन्नाबहरा के बीच से गुजर रहा था, तभी रास्ते में उन्हें दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं दिखीं। अमिलिहा फॉरेस्ट चौकी के समीप दो युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले, वहीं कन्नाबहरा के पास एक और युवक खून से लथपथ स्थिति में पड़ा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए एसडीएम ने तत्काल सक्रियता दिखाई। उन्होंने सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह से संपर्क कर एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाई और गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को शहडोल जिला अस्पताल भिजवाया।

### घायल युवक को निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

कन्नाबहरा के पास घायल युवक को अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका। एसडीएम ने प्रशासनिक सेवा के साथ मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि हमें हर परिस्थिति में असहाय, पीड़ित और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम इस कदम की सराहना की।

## 90 विद्यार्थियों को वितरित की गई साईकिल

**शासन की छात्र हितैषी योजना के तहत करंजिया के स्कूल में कार्यक्रम आयोजित**



**डिंडोरी नवभारत 7 अगस्त।** शासन की छात्र हितैषी योजनाओं के अंतर्गत जनपद पंचायत करंजिया के अंतर्गत स्थित उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में दो दिवसीय साईकिल वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 6 एवं 7 अगस्त को आयोजित किया गया, जिसमें कुल 90 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गईं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूर-दराज़ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को कुल 50 विद्यार्थियों को साइकिलें दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रभारी अजय कुमार राय के नेतृत्व में गरिमामयी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सियाराम साहू, दिलीप ताम्रकार, राजकुमार मोंगरे, संतोष गुप्ता, ऋतुराज, जगदीश धुर्वे, लाखन सिंह बंजारा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### विद्यार्थी अनुशासन का पालन करे : चौबे

कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को शेष लगभग 40 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। इस दिन जनपद पंचायत करंजिया की शिक्षा समिति अध्यक्ष गीता पट्टा एवं जनपद सदस्य दिलीप चौबे विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित स्कूल जाने एवं अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी। अंत में प्राचार्य प्रभारी अजय कुमार राय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार जताया।

## ऑटो की टक्कर से गाय घायल

**डिंडोरी नवभारत 7 अगस्त।** सोमवार रात्रि लगभग 11 बजे आरटीओ ऑफिस के पास एक ऑटो चालक ने सड़क पार कर रही एक गाय को टक्कर मार दी, जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिक वीरेंद्र केशवानी ने तत्परता दिखाते हुए इसकी जानकारी गौसेवा में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता व उपसंचालक पशु कार्यालय डिंडोरी मे पदस्थ डॉ. शशांक ठाकुर को दी। सूचना मिलते ही डॉ शशांक मौके पर पहुंचे और घायल गाय के उपचार की व्यवस्था करवाई। इस कार्य में अविनाश सिंह सैनी,रोहित कांसकार, अंकित सोनी, अंकुश चौकसे, विकास चौहान, राजा कांसकार, मिंटू शर्मा, आसिफ खान एवं मोहनिस झरिया जैसे जागरूक नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और घायल पशु को राहत पहुंचाने में सहयोग प्रदान किया।

## तिरंगा यात्रा 10 से निकाली जाएगी : तिवारी

**युद्धवीरों और शहीदों के परिजनों को किया जायेगा सम्मानित**



**डिंडोरी नवभारत 7 अगस्त।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल अमरपुर की तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका दिवस के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक को मंडल के प्रभारी जिला संगठन के मीडिया प्रभारी एवं मुख्य वक्ता सुधीर दत्त तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा द्वारा 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्राएं आयोजित की जाएगी।

13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर, प्रतिष्ठानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा। इस बार की तिरंगा यात्रा हमें दोगुने उत्साह के साथ आयोजित करनी है। श्री तिवारी ने बताया कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुडे स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। युद्धवीरों, शहीद पुलिसकर्मियों के निवास पहुंचकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता तीरथ मूलचंदानी, राजेश कुशवाहा, पूर्व जनपद अध्यक्ष कांति धुर्वे, जनपद सदस्य मालती तिवारी, रामकुमार वनवासी महामन्त्री, रितेश उसराठे महामंत्री, उपाध्यक्ष माखन साहू, रामकिशोर राजपूत, शोभाराम धुर्वे, संतोषी रघुवंशी, राजरानी परस्ते, संदीप पट्टा, रामनाथ उद्दे, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, मंडल मंत्री प्रकाश पूसाम, लाल सिंह ठाकुर, जय सिंह राजपूत, सहकोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, कार्यालय मंत्री रमेश यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन रितेश उसराते एवं आभार प्रदर्शन माखन साहू ने किया।

## चार लाख रूपए की सहायता स्वीकृत

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने आदेश जारी किए**

**डिंडौरी नवभारत 7 अगस्त।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी भारती मरावी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के मुताबिक मृतक कवल सिंह निवासी ग्राम हड़सिंगरी तहसील व जिला डिंडौरी की नाला के बाढ़ के पानी में बहकर डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता राम सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार मृतक फग्गन सिंह सिंदराम निवासी ग्राम रनगांव रैयत तहसील व जिला डिंडौरी की नाला के डैम के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता महेश सिंह सिंदराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

### शिवानी की डैम के पानी में डूबने से हुई थी मौत

शिवानी धुर्वे निवासी ग्राम रनगांव रैयत तहसील व जिला डिंडौरी की डैम के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता अशोक धुर्वे को 4 लाख रूपए और मृतक सुरेश प्रसाद झारिया निवासी ग्राम सरवाही की नर्मदा नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पत्नी ओमती बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।



## 66 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित

**चिल्हारी नवभारत 7 अगस्त।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंसुरा में कक्षा 9 में अध्यनरत 30 बालक एवं 36 बालिकाओं को पात्रता अनुसार नि:शुल्क साईकिल का वितरण दिनांक 7 अगस्त को विद्यालय में किया गया।

इस अवसर परमाधव कोल सरपंच ग्राम पंचायत चन्सुरा, राजेंद्र तिवारी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, बबलू जायसवाल एवं विभागीय अधिकारी पीबी प्रजापति विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर, विनोद मिश्रा जिला व्यावसायिक समन्वयक उमरिया, कलेश्वर सिंह आईटी समन्वयक, प्राचार्य धनेंद्र तिवारी शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बालिका को किया दस्तयाब

**चिल्हारी नवभारत 7 अगस्त।** जिले की पुलिस चौकी अमरपुर में फरियादि बबली बर्मननिवासी ग्राम खलौध ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि परिवार के सभी सदस्य खेत चले गए थे और बच्ची नयनसी बर्मन घर में अकेली थी, जो अमरपुर स्कूल जाने को कहकर घर से निकली थी। जब समय से घर नहीं लौटी तो रिश्तेदारी में ढूंढा गया, जब कहीं पता नहीं चला तब पुलिस चौकी अमरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। चौकी प्रभारी एसएन प्रजापति द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अनुविभागीय अधिकारी परिहार के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक लड़की नयनसी बर्मन को रेल्वे स्टेशन महरोई में दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया।



## नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**शहपुरा नवभारत 7 अगस्त।** विगत दिवस नर्मदांचल विद्यापीठ की ओर से रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक विशेष सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी प्राथमिक कक्षाओं की छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई हुई राखियां लेकर स्थानीय थाना परिसर का भ्रमण किया। छात्राओं ने थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा सेवा के प्रति आभार प्रकट किया। यह एक भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण था, जहाँ बच्चों ने अपने रचनात्मकता और स्नेह से पुलिसकर्मियों का सम्मान किया। इसके उपरांत छात्राओं ने सरकारी अस्पताल का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों तथा अस्पताल स्टाफ को राखी बाँधी और उनके सेवा कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी छात्राओं ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का भी अवलोकन किया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

**बैठक** | शहपुरा और मानिकपुर मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बनाई रणनीति




**12 अगस्त को दोनों मंडलों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी**

**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी शहपुरा मंडल कार्यालय में आज शहपुरा मंडल और मानिकपुर मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर रणनीति बनाई गई।

बैठक में तय किया गया कि आगामी 12 अगस्त को दोनों मंडलों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय भावना को और मजबूती मिल सके। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता मनोहर सोनी, विष्णु अवधिया, अरुण अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, श्वेता जैन, शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजनलाल चक्रवर्ती, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र मरावी,महामंत्री राजेन्द्र तिवारी, दिलीप झारिया, नितिन गुप्ता, सहित दोनों मंडलों के भाजपा पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा न केवल एक अभियान है, बल्कि देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को उजागर करने का एक माध्यम है। बैठक के दौरान अभियान की रूपरेखा, प्रचार-प्रसार, झंडा वितरण और रूट प्लान पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि इस अभियान को हर गांव, मोहल्ले और घर तक पहुंचाया जाएगा।



## स्कूल पहुंचे प्राचार्य राम कुमार चंद्रौल का बाजे-गाजे के साथ किया स्वागत

**शहपुरा नवभारत 7 अगस्त।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया में गुरुवार को सराडोली से स्थानांतरित होकर आए प्राचार्य राम कुमार चंद्रौल का बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। प्राचार्य के आगमन पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा।

ग्रामीणों ने प्राचार्य चंद्रौल से शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त और व्यवस्थित रूप से चलाने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि कठौतिया जैसे ग्रामीण क्षेत्र में अनुभवी और सक्रिय प्राचार्य का आना शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। इस स्वागत समारोह में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक अमृतलाल साहू, चोखेलाल साहू, विष्णु लाल साहू, माखन साहू, प्रहलाद परस्ते, मनोज साहू और दीपक साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विज्ञापन फ्लैक्स के साथ की जा रही छेड़छाड़

**असामाजिक तत्वों पर कार्य में बाधा डालने और छबि धूमिल करने का आरोप**

**डिंडौरी नवभारत 7 अगस्त।** नगर परिषद डिंडौरी द्वारा विज्ञापन फ्लैक्स लगाने की अनुमति प्राप्त करने वाले ठेकेदार सक्षम जैन ने स्थानीय थाने में एक शिकायत दर्ज की है, जिसमें उन्होंने कुछ असामाजिक तत्वों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, इन तत्वों द्वारा जानबूझकर उनके द्वारा लगाए गए विज्ञापन फ्लैक्स के फ्रेम के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और फ्लैक्स को गिराने का प्रयास किया जा रहा है। यह घटना न केवल ठेकेदार के कार्य को बाधित कर रही है, बल्कि नगर परिषद के प्रचार-प्रसार और विकास कार्यों में भी अवरोध उत्पन्न कर रही है। सक्षम जैन ने अपनी शिकायत में बताया कि यह घटना कल रात्री की है, जब असामाजिक तत्वों ने फ्लैक्स के फ्रेम को ढीला करने और उसे नष्ट करने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त, आरोपियों द्वारा मीडिया और अन्य माध्यमों का दुरुपयोग कर ठेकेदार के खिलाफ झूठे और आधारहीन आरोप लगाकर उनकी सामाजिक और व्यावसायिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ठेकेदार और उनके परिवार को मानसिक और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

### ठेकेदार ने कहा- साक्ष्य पुलिस को सौंपे जाएंगे

ठेकेदार ने बताया कि उनके पास घटना से संबंधित कुछ साक्ष्य, जैसे फोटोग्राफ उपलब्ध हैं, जिन्हें उन्होंने पुलिस को जांच के लिए सौंपने की बात कही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक व थाना कोतवाली डिंडौरी से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।